हर्ष मल्होत्रा
HARSH MALHOTRA

सत्यमेव जयते

राज्य मंत्री
सड़क परिवहन और राजमार्ग
एवं कारपोरेट कार्य मंत्रालय
भारत सरकार
Minister of State for
Road Transport & Highways
and Corporate Affairs
Government of India

23 अक्टूबर, 2026

समर्थन एवं प्रशंसा पत्र

गौ माता के प्रति करुणा, समर्पण और सेवा हमारी भारतीय संस्कृति और सनातन परंपरा में समाहित है। इसी पुनीत सेवा भावना को आत्मसात करते हुए गऊ ग्रास सेवा ट्रस्ट, 177, शिवा खंड, विश्वकर्मा नगर, दिल्ली-110095 विगत् 10 वर्षों से भी अधिक समय से गौ सेवा का अत्यंत सराहनीय कार्य कर रहा है। मैं स्वयं पिछले 10 वर्षों से इस ट्रस्ट के सेवा कार्यों से परिचित हूँ। इस दीर्घ अवधि में ट्रस्ट की गौ माता की सेवा के प्रति समर्पण, निष्ठा और निरंतर प्रयासों को देखकर हृदय अत्यंत प्रफुल्लित और प्रेरित होता है।

ट्रस्ट द्वारा प्रतिदिन लगभग 10,000 से अधिक घरों से 24 ठेलियों के माध्यम से दिल्ली के विभिन्न क्षेत्रों में घर-घर जाकर गौ ग्रास एकत्रित किया जाता है तथा उसे गौशालाओं तक पहुँचाया जाता है, जिससे गौ माता के आहार की व्यवस्था में सहयोग मिलता है। यह कार्य केवल गौ ग्रास एकत्रित करने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह हजारों परिवारों को गौ सेवा जैसे पुनीत कार्य से जोड़ने और समाज में करुणा, संवेदना तथा जीव दया की भावना जागृत करने का एक अनूठा अभियान है। यह वर्तमान पीढ़ी के साथ-साथ आने वाली पीढ़ियों को भी गौ सेवा, जीव दया और सामाजिक उत्तरदायित्व के संस्कार प्रदान करने की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण कदम है।

ईश्वर से मेरी प्रार्थना है कि गऊ ग्रास सेवा ट्रस्ट का यह सेवा यज्ञ दिन-प्रतिदिन सफलता के साथ विस्तारित होता रहे। गऊदास श्री योगेश भाटी एवं अन्य पदाधिकारियों को इस श्रेष्ठ प्रयास के लिए मैं बधाई देता हूं।

मेरी हार्दिक शुभकामनाएँ एवं समर्थन गऊ ग्रास सेवा ट्रस्ट के साथ हैं।

(हर्ष मल्होत्रा)

Ministry of Road Transport & Highways: Room No. 213, Transport Bhawan, 1, Sansad Marg, New Delhi - 110 001
Office Tel.: 011-23352204, 23353931; e-mail: harshdeep.malhotra@gov.in
Ministry of Corporate Affairs: Room No. 13026, 3rd Floor, Kartavya Bhawan - 1,
Gate No. 3, Dr. Rajendra Prasad Road, New Delhi - 110 001